दिनांक 27.07.2725 समय : 02.10 PM

## आकाशवाणी भोपाल

## दोपहर समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने कहा कि अगस्त-2023 में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से देश में एक नया माहौल बना, और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जिज्ञासा जगी थी।

प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि स्वच्छ भारत मिशन जल्द ही 11 वर्ष पूरे कर लेगा। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भोपाल की सकारात्मक सोच टीम की सराहना की जिसमें दो सौ महिलाएं हैं। यह टीम शहर के 17 पार्कों की सफाई करती हैं और कपड़े के थैले बांटती हैं।

बाइट-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री की सराहना से सकारात्मक सोच टीम अभिभुत है। टीम की सदस्य अनिता शर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि ...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुलमोहर कॉलोनी में स्थित शील पब्लिक स्कूल में मन की बात कार्यक्रम को लोगों के साथ सुना।

इसके बाद मुख्यमंत्री श्री यादव ने भी प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि श्री मोदी द्वारा बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की विशिष्टता और भोपाल की स्वच्छता के प्रति जागरूक महिलाओं की सराहना और उनका उत्साहवर्धन हम सब को प्रेरणा देगा।

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा है कि बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए एन्सपायर-मानक अभियान के तहत हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं और प्रत्येक बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब तक लाखों बच्चे इस अभियान से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, देश में अंतरिक्ष से जुड़े 50 से भी कम स्टार्ट-अप थे जो आज दो सौ से ज़्यादा हो गए हैं। श्री मोदी ने अगस्त के महीने का खास जीक्र करते हुए कहा कि ये माह क्रांतीकारियों का प्रतीक है। उन्होंने आगामी 23 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से अपील की कि वे नमो ऐप के ज़रिए नया आइडिया साझा करें कि यह दिवस कैसे मनाया जाए।

प्रधानमंत्री ने चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, रणथंभौर, आमेर, जैसलमेर, गुलबर्गा और चित्रदुर्ग किले की खासतौर से चर्चा की। श्री मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे इन किलों की यात्रा करें और अपने इतिहास को जानें।

एपीजे कलाम-जयंती

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें मिसाइल मैन के तौर पर भी जाना जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. कलाम दूरद्रष्टा, असाधारण वैज्ञानिक, प्रेरक व्यक्तित्व और महान देशभक्त थे। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम के विचार युवाओं को विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करते हैं।

मॉनसून

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के सात जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट हैं। इनमें सीहोर नर्मदापुरम, बैतूल हरदा नरसिंहपुर छिंदवाडा शामिल है। इसके अलावा 21 जिलो के लिए आरैंज अलर्ट है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालो और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सतर्क रहने को कहा है।

..............

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) मॉनसून

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के सात जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट हैं। इनमें सीहोर नर्मदापुरम, बैतूल हरदा नरसिंहपुर छिंदवाडा शामिल है। इसके अलावा 21 जिलो के लिए आरैंज अलर्ट है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालो और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सतर्क रहने को कहा है।

--------------